# बकरा मंडी के पास वाहनों से अवैध वसूली पुलिस कर्मियों का वीडियो वायरल

## एसपी ने तीन पुलिस कर्मियों को किया सस्पेंड

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** गत दिनों ही राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस मनाया, जिसमें ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठी पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया गया तो वहीं दूसरी यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा वाहनों से अवैध वसूली करने का वीडियो वायरल हो गया। शहर के रामगंज थाना क्षेत्र के ब्यावर रोड स्थित बकरा मंडी के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चालकों से अवैध वसूली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में ट्रैफिक पुलिस के दो सिपाही और एक चालक हर गुजरते वाहन से खुलेआम रुपए लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने एक्सशन लेते हुए तीनों पुलिस कार्मियों को सस्पेंड कर दिया और जांच के आदेश दिए।



सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वीडियो एक वाहन चालक द्वारा अपने मोबाइल फोन से बनाया और इसे कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे वायरल कर दिया। वारयल वीडियो में खुलासा किया कि बकरा मंडी से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों से ट्रेफिक पुलिसकम्री 100-100 रुपए वसूलते थे। वीडियो में कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र, कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश और चालक राजू की पहचान की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वंदिता राणा ने तत्काल प्रभाव से तीनों को निलंबित कर दिया है। साथ ही जांच के आदेश दिए है। मामले की जांच सीओ ट्रैफिक आयुष वशिष्ठ को सौंपी गई है।

**इनका कहना है:**
पुलिस विभाग में अनुशासन और जनता के प्रति जवाबदेही सर्वोपरि है, पुलिस कर्मियों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छवि खराब करने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

**-वंदिता राणा,**
**जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर।**

**स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 37.8 करोड़ की लागत से बना, भवन में 265 बेड की क्षमता**

# सात मंजिला मेडीसिन ब्लॉक का उद्घाटन

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर को स्मार्ट सिटी में संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में बना अत्याधुनिक मेडीसिन ब्लॉक मिल का पत्थर साबित होगा। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 37.8 करोड़ रुपए की लागत से बने 7 मंजिला मेडीसिन ब्लॉक का लोकार्पण विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय कृषिराज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने किया।

नवननिर्मित मेडीसिन ब्लॉक के लोकार्पण अवसर पर विधानसभा देवनानी ने कहा कि नया मेडिसन ब्लॉक अजमेर संभाग के लिए सौगात है। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि नए भवन के शुरू होने से संभाग के मरीज लाभांवित होंगे, उन्होंने बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं होगी, आधुनिक चिकित्सा सुविधा अजमेर में उपलब्ध होगी। वहीं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि जल्द चिकित्सा विभाग में नई भर्तियां की जाएगी। चिकित्सा मंत्री खींवसर ने कहा कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए अस्पताल में मरीजों के उचित प्रबंध किया जाए।

केबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है नया भवन, जिससे मरीजों को एक छत के नीचे सभी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी। इस मौके पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, डॉ. अरविंद खरे सहित जनप्रतिनिधि व चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**कुल बेड क्षमता 265 की:** नवीन मेडिसिन ब्लॉक की कुल क्षमता 265 बेड की है। हर मंजिल पर दो वार्ड बनाए गए हैंए जिनमें 30.30 पलंगों की व्यवस्था है। भवन में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक



तकनीकों का उपयोग किया गया है। पूरी बिल्डिंग सेंट्रलाइज एयर कूल्ड है और प्रत्येक बेड ऑटोमेटिक हैए साथ ही 240 बेड पर सेंसरयुक्त ऑक्सीजन पैनल लगाए गए हैं। उद्घाटन के पहले चरण में ग्राउंड व फर्स्ट फ्लोर के चार वार्डों में 120 मरीजों को भर्ती किया जाएगा। इसके बाद शेष मंजिलों पर भी क्रमवार बेड लगाकर मरीजों की भर्ती शुरू की जाएगी। ओपीडी कक्ष भी तैयार कर लिए गए हैं, जहां चिकित्सकों की नियमित सेवाएं मिलेंगी। नए भवन में पर्ची काउंटर, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना काउंटर, एक्स-रे और सोनोग्राफी कक्ष की स्थापित किया गया है।

**सोलर पैनल से संचालित होगा भवन:** विशेष सुविधाओं में 30 बेड का आईसीयू भी शामिल है, जिसमें वेंटिलेटर, बाइपेप मशीन,ऑक्सीजन मशीन, बेडसाइट एक्स-रे और ऑटोमेटिक रिमोट ऑपरेटेड पलंग की व्यवस्था है। यही नहीं सभी वार्डों में गर्म पानी की सप्लाई के लिए छत पर सोलर गीजर लगाए गए हैं। संपूर्ण भवन सोलर पैनल से संचालित होगा। शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी यह भवन महत्वपूर्ण है।



## ख्वाजा साहब की मजार पर मखमली चादर व अकीदत के फूल पेश

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और युवा गेंदबाज आवेश खान जाहिदी दी। दोनों क्रिकेटर ने ख्वाजा साहब की मजार शरीफ पर मखमली चादर व अकीदत के फूल पेश कर देश में अमन चैन व भाईचारगी के साथ क्रिकेट में कामयाबी की दुआ मांगी। दोनों के देखने के लिए प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर उनके साथ खादिम, स्थानीय गाइड सहित प्रोटोकॉल अधिकारी मौजूद रहे। ख्वाजा साहब की दरगाह में शुक्रवार को क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और युवा गेंदबाज आवेश खान शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे दरगाह पहुंचे और जियारत कर करीब साढ़े दस बजे पुन: लौट गए। जहीर और आवेश खान को दरगाह से उनके खादिम ने जियारत कराई, दोनों मजार शरीफ पर अकीदत के फूल और चादर पेश कर देश में अमनचेन और क्रिकेट में कामयाबी की दुआ मांगी। खादिम ने दोनों की दस्तार बंद कर दरगाह का तबर्रक भेंट किया। दरगाह में क्रिकेटर्स के आने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में फैन्स और स्थानीय लोगों की भीड़ उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाए और सेल्फी ली। भीड़ में अफरा-तफरी का माहौल भी देखा गया। पुलिस प्रशासन ने पूरी व्यवस्था को संभालते हुए सुरक्षा का घेरा बनाए रखा।

## यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोधः राठौड़

### अजमेर में ब्लॉक कांग्रेस का धरना, प्रदर्शन

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी व लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध से ईडी की कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को अजमेर शहर सहित जिले भर में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस के प्रदर्शन में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने भाग लिया। धरना प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया। ब्लॉक कांग्रेस के धरना व प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने



केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला और ईडी की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पेश की गई चार्जशीट पर कई सवाल खड़े किए और भाजपा से उनका जवाब मांगा। धरना प्रदर्शन व पुतला फूंकने के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्य कर रही है। कांग्रेस उत्तर ब्लॉक बी के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित धरना प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश और पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में किया गया। अजमेर उत्तर विधानसभा के ब्लॉक बी में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल की ओर से कार्यकर्ताओं ने ज्योतिबा फूले सर्किल और उत्तर ब्लॉक अ के अध्यक्ष में वाहिद मोहम्मद की ओर से महावीर सर्किल पर धरना दिया। धरने में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी धोलखड़िया और चन्दन सिंह की ओर से अलवर गेट तथा जीसीए चौराहे पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंका गया।

**भाजपा युवा मोर्चा का प्रदर्शन**

## सोनिया व राहुल गांधी का फूंका पुतला

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के समर्थन और कांग्रेस प्रदर्शन कर दबाव की राजनीति का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा देहात जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका। भाजपा देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पर भाजपा युवा मोर्चे व देहात के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। इस अवसर पर देहात अध्यक्ष प्रजापत ने कहा कि कांग्रेस के नेता दबाव की राजनीतिक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और इन्हीं के आधार पर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में पेश की जा चुकी है और प्रथम दृष्टया दोनों नेताओं के खिलाफ गंभीर सबूत मिले हैं।

**कांग्रेस कर रही जनता को गुमराह:** भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी कानूनी कार्रवाई को दबाने के लिए देश में दबाव की राजनीति कर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि मामला पूरी तरह कानून के दायरे में है और इसमें किसी भी प्रकार की राजनीति से प्रेरित नहीं है। प्रजापत ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने मनी लॉन्ड्रिंग कर देश की संपत्ति का दुरुपयोग किया है। पार्टी को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं, बल्कि कानून के दायरे में की जा रही है और सभी के लिए एक समान है।

## जलदाय विभाग की रेलवे क्वार्टर्स में कार्रवाई, अवैध कनेक्शन काटे

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** शहर में पड़ रही भीषण के चलते शहर में पानी की किल्लत सामने आने लगी है। वहीं जलदाय विभाग द्वारा अवैध जल कनेक्शनों पर कार्यवाही की जा रही है। शुक्रवार को जलदाय विभाग द्वारा ब्यावर रोड स्थित रेलवे क्वार्टर्स में कार्रवाई करते हुए 9 क्वार्टर्स में मुख्य पाइप लाइन से अवैध रूप से जल कनेक्शन पकड़े। कार्यवाही करते हुए इन अवैध कनेक्शनों को काटा गया और रामगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। विभाग के सहायक अभियंता दीपक जांगिड़ ने बताया कि अधिशाषी अभियंता निशा मीणा के नेतृत्व में विभागीय टीम ने शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर, ब्यावर रोड स्थित रेलवे कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान क्वार्टर्स संख्या 2027/2015 सहित लगभग 9 क्वाटर्स (2025/2015 से 2032/2015) में विभागीय ट्रांसपोर्ट नगर राइजिंग मेन पाइप लाइन से अवैध जल कनेक्शन किए गए थे। इन कनेक्शनों के लिए विभाग से कोई स्वीकृति नहीं ली गई थी, जो कि जलापूर्ति प्रणाली में



अनाधिकृत हस्तक्षेप और पानी चोरी की श्रेणी में आता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। विभाग द्वारा जिलेभर में अवैध जल कनेक्शन और बूस्टर के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के एसई रामचंद्र राड ने बताया कि पिछले तीन दिनों में जिले में 360 अवैध बूस्टर पकड़े हैं और 11 एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं।

## दादाभाई कॉलोनी में खुले शराब ठेके का विरोध

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अलवर गेट थाना क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या 42 की दादाभाई कॉलोनी में शराब का ठेका खुलने पर शुक्रवार को क्षेत्रवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए लोग ठेके के बाहर पहुंचे और दुकान का शटर बंद कर विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेके बंद कराने की जिला प्रशासन से मांग की।

वार्ड संख्या 42 की दादाभाई कॉलोनी निवासी अजय शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में यह ठेका मंदिर के बिल्कुल सामने खोला गया है, साथ ही यहां एक प्राचीन पारसी मंदिर, महात्मा गांधी स्कूल और एक कॉन्वेंट स्कूल स्थित हैं। ऐसे में धार्मिक और शैक्षणिक स्थानों के पास शराब का ठेका खुलना न केवल नियमों के खिलाफ है बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी आपत्तिजनक है। प्रदर्शनकारी क्षेत्रवासियों का कहना रहा कि कॉलोनी में ठेका खुलने से वातावरण बिगड़ेगा सथ ही बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ेगी।

स्थानीय लोगों ने ठेके के खिलाफ विरोध जताते हुए जिला प्रशासन इस ठेके को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि जल्द ही ठेका नहीं हटाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिममेदारी प्रशासन की होगी।

## श्री जिनशासन तीर्थ में पंचकल्याणक 20 से

### भगवान शांतिनाथ की 54 फीट ऊंची प्रतिमा, 24 तीर्थंकर की मूर्तियां विराजित



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जैसवाल जैन समाज की ओर से नाका मदार स्थित श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र 11 वर्षों के अथक प्रयास से बनकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में विश्व का सबसे विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र होगा। यह भव्य तीर्थ क्षेत्र 2014 में आचार्य वसुनंदी जी महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद शुरू हुआ था। जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में पंचकल्याणक उत्सव 20 से 25 अप्रैल तक धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार को आचार्य वसुनंदी महाराज ने प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। अजमेर में जैसवाल जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र वर्तमान में विश्व का सबसे विशाल जैन तीर्थ क्षेत्र होगा। 11 वर्षों की अथक साधना और निर्माण कार्यों के उपरांत इसका स्वरूप पूर्ण हो चुका है। इस शुभ अवसर पर 20 से 25 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पंचकल्याणक महोत्सव में जैनेश्वरी दीक्षाएं भी दी जाएंगी। आचार्य वसुंनंदी महाराज के सान्निध्य में 41 साधु साध्वियां पावन तीर्थ क्षेत्र पर विराजमान हैं। उनके दिशा निर्देशन में इस भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**54 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा:** श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में भगवान शांतिनाथ की 54 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गई है। इसके अतिरिक्त पद्मासन मुद्रा में विराजित 24 तीर्थंकरों की सवा 11 फीट की जिन चौबीसी मूर्तियां भी इस तीर्थ की शोभा बढ़ा रही हैं। भव्य सिंहद्वार मंदिर के साथ चांदी व अष्टधातु की अनेक मूर्तियां भी विराजमान की गई हैं। पंचकल्याणक महोत्सव हेतु मंदिर परिसर के समीप अयोध्या नगरी का निर्माण भी अस्थायी रूप से किया गया है, जहाँ इस धार्मिक आयोजन के सभी प्रमुख अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

आचार्य वसुंनंदी महाराज ने पत्रकार वार्ता में तीर्थ क्षेत्र से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने पंचकल्याणक महोत्सव के महत्व को समझाया और इसमें आयोजित होने वाले विविध धार्मिकए सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आत्मा की शुद्धिए धर्म के प्रचार.प्रसार और समाज में संयम व सदाचार की भावना को जागृत करने वाला होगा।

# वेदों के अनुसार जीवन जीने पर होती है सुख की प्राप्तिः पंडित शास्त्री

## सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णाहूति के साथ विराम आज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने भक्तों को कृष्ण लीलाओं सहित मां देवकी के छह पुत्रों को वापस लाकर देना, सुभद्रा हरण का आख्यान एवं सुदामा चरित्र का भाव पूर्ण वर्णन के साथ कथा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्र से समझी जा सकती है। पूर्णाहूति के साथ श्रीमद्भागवत कथा का विराम शनिवार को होगा।

मनकामनेश्वर महादेव मंदिर पोटरखोली में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सातवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास पंडित बृजमोहन शास्त्री ने मां देवकी के छह पुत्रों को वापस लाना, सुभद्र हरण सहित सुदामा चरित्र का भाव विभोर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है और भगवान की भक्ति करता है, उसका जीवन तर जाता है। भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा व भक्ति ही जीवन रूपी नैया को इस भाव सागर से पार लगाती है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य वेदानुसार जीवन यापन करे तभी सुख की प्राप्ति हो सकती है। अन्यथा सामाजिक आर्थिक, प्राकृति आपदाएं आएंगे, शास्त्री अनुसार चलने पर आपका हित होगा।

**सुदामा चरित्र वर्णन में भाव विभोर हुए भक्त:** पंडित शास्त्री ने कथा के दौरान सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र सखा श्रीकृष्ण



से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और श्रीकृष्ण से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है, श्रीकृष्ण ने जैसे ही द्वारपाल के मुंह से सुदामा का नाम सुना वे सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे, सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया, दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। पंडित शास्त्री ने कहा कि सुदामा के भाग्य में घोर दरिद्रता लिखी थी, लेकिन श्रीकृष्ण ने सुदामा के भाग्य को बदल कर कर्म के लिखे को पलट दिया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब-जब भी भक्तों पर विपदा आती है, प्रभु उनका तारण अवश्य करते हैं।

**सात दिवसीय कथा का महत्व बताया:** परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया, तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसके साथ ही सप्त दिवसीय कथा का विराम हुआ।

**पूर्णाहूति आज:** श्रीमद्भागवत कथा का विराम शनिवार को पूर्णाहूति के साथ होगा। महायज्ञ की पूर्णाहूति पंडित बृजमोहन शास्त्री व मंडली द्वारा होगी, इसके उपरांत भंडारे का आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।